तारीख हुक्म	हुक्म वा कार्यवाही मय इनिशियल्स जज राजस्व अपील संख्या 48/2016 कुबसिंह बनाम माणकचन्द	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
31-10-2017	पत्रावली पेश हुई। उभय पक्ष उपस्थित। अपीलान्ट अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि यह अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के तहत आदेश तहसीलदार उपनिवेशन कोलायत नं. 1 के इन्तकाल संख्या 261 निर्णय दिनांक 07.07.2015 के विरूद्ध न्यायालय उपायुक्त उपनिवेशन बीकानेर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 4.12.15 के द्वारा क्षेत्राधिकार परिवर्तन होने के कारण अपील इस न्यायालय में हस्तान्तरित होकर आज की तारीख पेशी मुकर्रर है। अपीलान्ट अधिवक्ता ने इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर यह कथन किया है कि उक्त प्रकरण में अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो चुका है, अपीलान्ट अपनी अपील को आगे नहीं चलाना चाहता है। इसलिए प्रार्थी अपीलान्ट अपने द्वारा प्रस्तुत अपील का इसी स्तर पर जरिये जरिये नोट प्रेस समापन करने का निवेदन किया। हमने अपीलान्ट अधिवक्ता का कथन सुना । अपीलान्ट अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि अपीलान्ट एवं रेस्पोडेन्टके मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो चुका है, इसलिए अपीलान्ट अपील को आगे नहीं चलाना चाहता है। रेस्पोडेन्ट अधिवक्ता को किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है। लिहाजा अपीलान्ट अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा अपील अपीलान्ट जरिये नोट प्रेस के आधार पर इसी स्टेज पर खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। अति॰ जिला कलक्टर (प्रशासन), बीकानेर	